POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 21.05.2026

1.थाना सेक्टर-39 पुलिस द्वारा मोबाइल फोन चोरी/स्नेचिंग करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी/स्नेचिंग के 04 मोबाइल फोन व अवैध शस्त्र बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 21.05.2026 को थाना सेक्टर-39 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन चोरी/स्नेचिंग करने वाले अभियुक्त अंकित कुमार पुत्र सुशील चौधरी को बोटेनिकल गार्डन मल्टीलेवल पार्किंग के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी/स्नेचिंग के 04 मोबाइल फोन व 01 तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह रात्रि के समय अकेले आने-जाने वाले व्यक्तियों से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो जाता था। छीने गए मोबाइल फोन बेचकर प्राप्त धनराशि से अपना खर्च चलाता था। बरामद सभी मोबाइल फोन उसने अलग-अलग स्थानों से स्नैचिंग कर प्राप्त किए थे। बरामद तमंचा वह लोगों को डराने-धमकाने तथा पकड़े जाने की स्थिति में अपनी सुरक्षा के लिए अपने पास रखता था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. अंकित कुमार पुत्र सुशील चौधरी निवासी ग्राम मदूदाबाद, थाना मोदीनगर, समस्तीपुर (बिहार) वर्तमान पता सोमबाजार, सेक्टर-44, थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्धनगर, उम्र लगभग 24 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0- 225/2026 धारा 317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0- 073/2026 धारा 305,317(2) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0- 098/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. चोरी/स्नेचिंग के 04 मोबाइल फोन
2. 01 तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस .315 बोर

2.थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा मोबाइल फोन चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 15 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं अवैध शस्त्र बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा **दिनांक 21.05.2026** को गुर्जरपुर अन्डर पास थाना नॉलेजपार्क से अभियुक्तगण गुलाम बिलाल पुत्र मौहम्मद शब्बीर व रविन्द्र कुमार पुत्र उपेन्द्र सिंह को **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के 15 मोबाइल फोन विभिन्न कम्पनी के, 01 अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल पर रजि0 नं0 डीएल 3एस ईजी 6613 बरामद किये गये है। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 103/2026 धारा 317(5)/345(3) बीएनएस व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना नॉलेज पार्क पर पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. गुलाम बिलाल पुत्र मौहम्मद शब्बीर निवासी आर जेड 113 बी/5 तुगलकाबाद एक्सटेंशन थाना गोविन्दपुरी साउथ दिल्ली 110019 उम्र करीब 21 वर्ष
2. रविन्द्र कुमार पुत्र उपेन्द्र सिंह निवासी म0नं0 802 गली नं0 17 तुगलकाबाद थाना गोविन्दपुरी साउथ दिल्ली उम्र करीब 25 वर्ष

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0- 102/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना नॉलेज पार्क गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 103/2026 धारा 317(5)/345(3) बीएनएस व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना नॉलेज पार्क गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. कब्जे से चोरी के 15 मोबाइल फोन विभिन्न कम्पनी के,
2. 01 अवैध चाकू
3. घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल पर रजि0 नं0 डीएल 3एस ईजी 6613